गरीब परिवारों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिये हरियाणा के ज़िलों में लगाए जाएंगे अंत्योदय मेले

चर्चा में क्यों?

26 नवंबर, 2021 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रदेश के हर गरीब परिवार को आर्थिक व सामाजिक रूप से सुदृढ़ करने के मद्देनज़र प्रत्येक ज़िले में 'मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना' के तहत अंत्योदय मेले लगाए जाने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- इन अंत्योदय मेलों की शुरुआत 29 नवंबर से होगी और इसे क्रमानुसार चलाकर सभी लाभपात्रों को कवर करते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया जाएगा।
- अंत्योदय मेलों के माध्यम से गरीब परिवारों को किसी-न-किसी योजना के साथ जोड़कर परिवार की आय 1.80 लाख रुपए तक पहुँचाने के लिये कार्य किया जाएगा।
- इन मेलों में लीड बैंक के साथ-साथ अन्य बैंकों को भी भागीदारी करने की सलाह दी गई और लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने संबंधी पूरा विवरण समझाया जाएगा तथा प्रयास किया जाएगा कि उन्हें जल्द-से-जल्द योजना संबंधी ऋण स्वीकृति पत्र सुपुर्द किया जाए।
- इन मेलों में ऐसे लाभार्थी युवाओं की भी तलाश की जाएगी, जिन्हें हरियाणा कौशल रोज़गार निगम के माध्यम से प्रशिक्षण देकर स्वरोज़गार अपनाने या फिर किसी क्षेत्र में रोज़गार के लिये तैयार किया जा सके।
- मेलों के पहले चरण में लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त कर उन्हें बैंक द्वारा अनुमति की कार्यवाही की जाएगी तथा दूसरे चरण में यह अनुमति-पत्र लाभार्थी को प्रदान कर स्कीम का लाभ दिया जाएगा।
- मेले के आयोजन के बाद लाभार्थियों से फीडबैक भी प्राप्त किया जाएगा।
- इन मेलों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला उपायुक्त स्वयं इसे मानीटर करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/antyodaya-fairs-will-be-organized-in-the-districts-of-haryana-to-make-poor-families-financially-strong